# अंतरिक्ष दौड़, इसके आर्थिक आयाम तथा भारत की संभावनाएँ

इस Editorial में The Hindu, Indian Express, Business Line आदि में प्रकाशित लेखों का विश्लेषण शामिल है। इस आलेख में भारत की अंतरिक्ष के क्षेत्र में क्षमता तथा इसके वाणिज्यिक उपयोग की चर्चा भी शामिल है तथा आवश्यकतानुसार यथास्थान टीम दृष्टि के इनपुट भी शामिल किये गए हैं।

## संदर्भ

भारत में अंतरिक्ष अनुसंधान का आरंभ 60 के दशक में हुआ तथा वर्ष **1969** में इसरो (Indian Space and Reaserch Oganisation) की स्थापना हुई। भारत ने पिछले 50 वर्षों में अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में कई कीर्तिमान बनाए हैं। मौजूदा समय में विभिन्न देश तथा निजी कंपनियाँ अंतरिक्ष के वाणिज्यिक उपयोग के लिये प्रयास कर रही है। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि वर्ष 2025 तक वैश्विक अंतरिक्ष उद्योग का आकार बढ़कर 550 बिलियन डॉलर हो जाएगा। इस संदर्भ में भारत भी अंतरिक्ष का उपयोग वाणिज्यिक लाभ के लिये करने पर विचार कर रहा है। ज्ञात हो कि भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने ऐसी क्षमता विकसित कर ली है जिसके बल पर वह अंतरिक्ष में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उपर्युक्त तथ्यों को ध्यान में रखकर ही भारत की नवनिर्वाचित सरकार ने न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (New Space India Limited) नामक संस्था स्थापित करने की घोषणा की है।

## इसरो (ISRO)

- वर्ष 1969 में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (ISRO) की स्थापना हुई। यह भारत सरकार की अंतरिक्ष एजेंसी है और इसका मुख्यालय बंगलुरू में है।
- इसे अंतरिक्ष अनुसंधान के लिये देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और उनके करीबी सहयोगी और वैज्ञानिक विक्रम साराभाई के प्रयासों से स्थापित किया गया।
- इसे भारत सरकार के 'स्पेस डिपार्टमेंट' द्वारा प्रबंधित किया जाता है, जो सीधे भारत के प्रधानमंत्री को रिपोर्ट करता है।
- इसरो अपने विभिन्न केंद्रों के देशव्यापी नेटवर्क के माध्यम से संचालित होता है।

## भारत के लिये इसरो का महत्त्व

स्थापना के पश्चात् भारत के लिये इसरो ने कई कार्यक्रमों एवं अनुसंधानों को सफल बनाया है। इसने न सिर्फ भारत के कल्याण के लिये बल्कि भारत को विश्व के समक्ष सॉफ्ट पॉवर के रूप में स्थापित करने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अंतरिक्ष कार्यक्रम के आरंभिक काल में भारत ने अपनी आवश्यकता के लिये इसका उपयोग आरंभ किया।

- देश में दूरसंचार, प्रसारण और ब्रॉडबैंड अवसंरचना के क्षेत्र में विकास के लिये इसरो ने उपग्रह संचार के माध्यम से कार्यक्रमों को चलाया। इसमें प्रमुख भूमिका **INSAT** और **GSAT** उपग्रहों की रही। वर्तमान में भारत संचार सेवाओं के लिये 200 से अधिक ट्रांसपोंडरों (Transponders) का उपयोग हो रहा है। इन उपग्रहों के माध्यम से भारत में दूरसंचार, टेलीमेडिसिन, टेलीविज़न, ब्रॉडबैंड, रेडियो, आपदा प्रबंधन, खोज और बचाव अभियान जैसी सेवाएँ प्रदान कर पाना संभव हुआ है।
- भारत में इसरो की दूसरी महत्त्वपूर्ण भूमिका **भू-पर्यवेक्षण** (Earth Observation) के क्षेत्र में रही है। भारत में मौसम पूर्वानुमान, आपदा प्रबंधन, संसाधनों की मैपिंग करना तथा भू-पर्यवेक्षण के माध्यम से नियोजन करना आदि के लिये भू-पर्यवेक्षण तकनीक की आवश्यकता होती है। मौसम की सटीक जानकारी के द्वारा कृषि और जल प्रबंधन तथा आपदा के समय वक्त रहते बचाव कार्य इसी तकनीक के द्वारा संभव हो सका। भारत में वन सर्वेक्षण रिपोर्ट भी इसी तकनीक द्वारा तैयार होती है। भारत में 1980 के दशक में दूर-संवेदी उपग्रह (Indian Remote Sensing-IRS) का उपयोग हो रहा था किंतु वर्तमान में भारत में अधिक उच्च क्षमता वाले उपग्रह **RISAT, कार्टोसेट (Cartosat), रिसोर्ससेट (Resourcesat)** आदि श्रृंखला के उपग्रहों का उपयोग किया जा रहा है। इन उपग्रहों ने भारत को प्राकृतिक कारकों से बचाव के प्रति अधिक सक्षम बनाया है।
- तीसरा महत्त्वपूर्ण क्षेत्र उपग्रह आधारित **नौवहन** (Navigation) है। नौवहन तकनीक का उपयोग भारत में वायु सेवाओं को मज़बूत बनाने तथा इसकी गुणवत्ता को सुधारने के लिये होता है। साथ ही वर्तमान समय में वायु आधरित सुरक्षा चुनौतियाँ भी कम नही है। इनको ध्यान में रखकर भारत ने **गगन** (GPS-aided GEO augmented-GAGAN) कार्यक्रम की शुरुआत की। भारत ने कुछ समय पूर्व ही इस कार्यक्रम से आगे बढ़ते हुए

**IRNSS** (Indian Regional Navigation Satellite System) लॉन्च कयिा है जो 7 उपग्रहों पर आधारति है। ये उपग्रह **भू-तुल्यकालकि** (Geostationary) **भू-संक्रमणकारी** (Geosynchronous) कक्षा में स्थापति कयि गए हैं। IRNSS भारत को वस्तुओं की सटीक स्थतिि का आभास कराने में सहायक है। यह न सर्फि नौवहन बल्कि रिक्षा के क्षेत्र में भी महत्त्वपूर्ण रूप से उपयोगी है। यह ध्यान देने योग्य है कि इस तरह की तकनीक सर्फि कुछ ही देशों के पास उपलब्ध है भारत IRNSS के नरि्माण से पूर्व अमेरिकी जीपीएस (Global Positioning System) पर नरि्भर था। भारत ने वर्ष 2016 में IRNSS के नाम में परविर्तन करके इसे **नावकि** (Navigation with Indian Constellation-NavIC) कर दयिा है।

इसरो के उपर्युक्त प्रयास एक सक्षम प्रमोचन यान तकनीक (Launch-vehicle Technology) के होने से ही संभव हो सके हैं। भारत ने इस तकनीक की शुरुआत **SLV** (Satellite Launch Vehicle) तथा **ASLV** (Augmented Satellite Launch Vehicle) से की। आगे चलकर भारत ने **PSLV** (Polar Satellite Launch Vehicle) तकनीक का वकिास कयिा और यह तकनीक भारत के अंतरक्षि कार्यक्रमों के लयि एक मील का पत्थर साबति हुई है। PSLV द्वारा भारत अब तक 46 अभयिानों को सफल बना चुका है। भारत अब **GSLV** (Geosynchronous Satellite Launch Vehicle) के **मार्क III** वैरएिंट पर कार्य कर रहा है। GSLV का मार्क III **3.5 MT के पेलोड** को जयिोसक्रिोनस कक्षा (Geosynchronous Orbit) में स्थापति कर सकता है। इसकी तुलना फ्राँसीसी प्रमोचन यान **एरयिन-5 (Ariane-5)** से की जा रही है एरयिन-5 की क्षमता 5 MT तक के पेलोड ले जाने की है। भारत में PSLV तथा GSLV की सफलता ने अतीत में **चंद्रयान-1** तथा **मंगल मशिन** को सफल बनाया है। अब भारत **चंद्रयान-2** तथा **गगनयान** कार्यक्रम पर कार्य कर रहा है। गगनयान कार्यक्रम को वर्ष **2022** में अंजाम दयिा जाना है। इस मशिन के माध्यम से भारत मानव को अंतरक्षि में भेजने की योजना बना रहा है। उपर्युक्त कार्यक्रम भारत की सफल प्रमोचन यान तकनीक के माध्यम से ही संभव हो सके हैं।

पछिले कई वर्षों में इसरो ने वभिन्नि कंपनयिों से साझेदारी की है। ये कंपनयिाँ वशिषेकर सार्वजनकि क्षेत्र से संबंधति होती हैं, जैसे- **HAL** (Hindustan Aeronautics Limited), **MSDL, BEL** (Bharat Electronics Limited) आद। कुछ कंपनयिाँ नजिी क्षेत्र से भी जुड़ी हुईं हैं जैसे L&T, गोदरेज, वालचंदनगर इंडस्ट्री आद। कतिु नजिी क्षेत्र की कंपनयिाँ सर्फि कलपुर्जे एवं द्वतिीयक और तृतीयक स्तर की सेवाएँ ही उपलब्ध कराती हैं। कुल मलिाकर भारत में अंतरक्षि तकनीक के संदर्भ में नजिी क्षेत्र की भागीदारी नगण्य बनी हुई है।

## अंतरक्षि के आर्थकि उपयोग की संभावनाएँ

मौजूदा समय में वशि्व की कई कंपनयिाँ अंतरक्षि की वाणज्यिक दौड़ में शामलि हुई हैं। इन कंपनयिों ने वशि्व को अंतरक्षि के आर्थकि उपयोग के लयि सोचने को प्रोत्साहति कयिा है। वर्तमान में वैश्वकि अंतरक्षि उद्योग का आकार 350 बलियिन डॉलर है। इसके वर्ष 2025 तक बढ़कर 550 बलियिन डॉलर होने की संभावना है। इस प्रकार अंतरक्षि एक महत्त्वपूर्ण बाज़ार के रूप में वकिसति हो रहा है। इसरो ने अंतरक्षि के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण उपलब्धयिाँ हासलि की हैं कतिु भारत का अंतरक्षि उद्योग 7 बलियिन डॉलर के आस-पास है, जो वैश्वकि बाजार का केवल 2 प्रतशित ही है। भारत के अंतरक्षि उद्योग के इस आकार में ब्रॉडबैंड तथा DTH सेवाओं का हस्सिा करीब दो-तहिाई है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि भारत द्वारा उपयोग कयि जा रहे एक तहिाई ट्रांसपोंडर वदिशी उपग्रहों से लीज़ पर लयि गए हैं तथा भारत में जैसे-जैसे संचार के क्षेत्र की मांग में वृद्धि होगी, उसी अनुपात में वदिशी ट्रांसपोंडरों की संख्या में वृद्धि होगी। उपर्युक्त परस्थितिि से ऐसा आभास होता है कि भारत अंतरक्षि के वाणज्यिकि उपयोग में अभी काफी पीछे है तथा इस क्षेत्र में अधकि वकिास करने की आवश्यकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने हालयिा बजट में **NSIL** (New Space India Limited) की वाणज्यिकि प्रतबिद्धता को दोहराया है। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि वर्ष 2030 तक वैश्वकि स्तर पर 17 हज़ार छोटे उपग्रहों को प्रक्षेपति कयिा जाएगा। इसके लयि इसरो **SSLV** (Small Satellite Launch Vehicle) के नरि्माण की योजना पर कार्य कर रहा है। PSLV तथा SSLV मलिकर भवषि्य में उपलब्ध होने वाले बाज़ार के लयि कम लागत पर लोजस्टिकि उपलब्ध करा सकते हैं।

## न्यू स्पेस इंडयिा लमिटिेड

- हाल ही में न्यू स्पेस इंडयिा लमिटिेड (New Space India Limited-NSIL) का आधकिारकि रूप से बंगलूरु में उद्घाटन कयिा गया है। गौरतलब है कि न्यू स्पेस इंडयिा लमिटिेड इसरो की एक वाणज्यिकि शाखा है।
- अंतरक्षि के क्षेत्र में इसरो द्वारा की गई अनुसंधान और वकिास गतविधियिों के व्यावसायकि उपयोग हेतु न्यू स्पेस इंडयिा लमिटिेड को 100 करोड़ रुपए की अधकिृत शेयर पूंजी (पेड-अप कैपटिल 10 करोड़ रुपए) के साथ 6 मार्च, 2019 को लॉन्च कयिा गया था।
- यह 'एंट्रक्सि कॉर्पोरेशन' के बाद इसरो की दूसरी व्यावसायकि शाखा है। एंट्रक्सि कॉर्पोरेशन को मुख्य रूप से वर्ष 1992 में इसरो के वदिशी उपग्रहों के वाणज्यिकि प्रक्षेपण की सुवधिा हेतु स्थापति कयिा गया था।

## उद्देश्य

- NSIL का उद्देश्य भारतीय अंतरक्षि कार्यक्रमों में उद्योग की भागीदारी को बढ़ाना है।
- NSIL अंतरक्षि से संबंधति सभी गतविधियिों को एक साथ लाएगा और संबंधति प्रौद्योगकियिों में नजिी उद्यमशीलता का वकिास करेगा।
- टेक्नोलॉजी ट्रांसफर मैकेनज्मि के माध्यम से SSLV और PSLV का नरि्माण और उत्पादन।
- यह उभरती हुई वैश्वकि वाणज्यिकि SSLV बाज़ार की मांग को भी पूरा करेगा, जसिमें उपग्रह नरि्माण और उपग्रह-आधारति सेवाएँ प्रदान करना शामलि हैं।

## नवीन अंतरक्षि की अवधारणा एवं उपयोगति

नवीन अंतरिक्ष **न्यू स्पेस (New Space)** का हिंदी रूपांतरण है। न्यू स्पेस शब्द पिछले कुछ वर्षों में अधिक चर्चा में रहा है। आरंभिक दौर में न्यू स्पेस का अर्थ गहन अंतरिक्ष के संदर्भ में लिया जाता रहा है। किंतु वर्तमान समय में न्यू स्पेस अवधारणा का उपयोग निजी क्षेत्र की कंपनियों का अंतरिक्ष के क्षेत्र मे शामिल होने के लिये किया जा रहा है। कुछ विद्वानों के विचार इससे भिन्न हैं, इनका मानना है कि न्यू स्पेस का अर्थ अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का ऐसे क्षेत्रों में उपयोग जहाँ अभी तक इसका उपयोग संभव नही हुआ है किंतु उपयोग की प्रबल संभावनाएँ है, के रूप में है। भारत ने NSIL का गठन भी निजी क्षेत्र के साथ मिलकर अंतरिक्ष के वाणिज्यिक उपयोग को ध्यान में रखकर किया है।

## निजी क्षेत्र की सहभागिता

भारत में अंतरिक्ष के लिये निजी क्षेत्र की भूमिका को सीमित रखा गया है। सिर्फ कम महत्त्वपूर्ण कार्यों के लिये ही निजी क्षेत्र की सेवाएँ ली जाती रहीं हैं। उपकरणों को बनाना और जोड़ना तथा परीक्षण ( Assembly, Integration and Testing-AIT) जैसे महत्त्वपूर्ण कार्य अभी भी इसरो ही करता है। यह ध्यान देने योग्य है कि विश्व का सबसे बड़ा अंतरिक्ष क्षेत्र का संस्थान नासा (NASA) भी निजी क्षेत्र की सहायता लेता रहा है। मौजूदा समय में भारत में नवीन अंतरिक्ष से संबंधित 20 से अधिक स्टार्ट-अप मौजूद हैं। इन उद्यमों का दृष्टिकोण पारंपरिक विक्रेता/आपूर्तिकर्त्ता मॉडल से भिन्न है। ये स्टार्ट-अप सीधे व्यापार से जुड़कर या सीधे उपभोक्ता से जुड़कर व्यापार की संभावनाएँ तलाश रहे हैं। जिस प्रकार विभिन्न स्वतंत्र एप्प निर्माताओं को सीधे एंड्राइड और एप्पल प्लेटफार्म में प्रवेश की अनुमति दी गई उसने स्मार्ट फ़ोन के उपयोग में क्रांति को जन्म दिया। इसी प्रकार अंतरिक्ष के क्षेत्र में निजी क्षेत्र को स्थान देकर इस क्षेत्र की संभावनाओं में वृद्धि की जा सकती है तथा यह भारत के दृष्टिकोण से भी लाभकारी होगा।

भारत में पहले से ही डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया जैसे कार्यक्रम तथा स्मार्ट सिटी जैसे मिशन चलाए जा रहे हैं। यह कार्यक्रम भारत में न्यू स्पेस स्टार्टअप को सहयोग प्रदान कर सकते हैं। ऐसे स्टार्टअप विभिन्न तकनीकों और सेवाओं का निर्माण कर सकते हैं तथा इसरो वैश्विक उपभोक्ता वर्ग (देश तथा निजी संस्थान) को आकर्षित कर सकता है। इस प्रकार इसरो और स्टार्टअप तथा विभिन्न निजी कंपनियाँ भागीदारी करके आर्थिक लाभ कमा सकते हैं।

किंतु भारत में निजी क्षेत्र को प्रोत्साहन देने वाली सरकारी नीतियों की कमी रही है। वर्ष 2017 में संसद में एक विधेयक पेश किया गया था, जिसमें निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित करने वाले प्रावधानों की कमी थी। हालाँकि यह विधेयक निरस्त हो गया है। देश की सेटकॉम (SatCom) नीति से सबक लेते हुए सरकार को इस क्षेत्र के लिये नीति बनानी चाहिये तथा निजी क्षेत्र भी सरकार से विधि निर्माण के माध्यम से प्रोत्साहन देने की उम्मीद कर रहा है। यदि भारत में भी न्यू स्पेस की अवधारणा को लागू कर उसके लाभ प्राप्त करने हैं तो सरकार को निजी क्षेत्र को नीतिगत प्रोत्साहन देना होगा।

## निष्कर्ष

भारत का अतीत अंतरिक्ष के क्षेत्र में कामयाबी भरा रहा है। किंतु वर्तमान में अंतरिक्ष नवीन संभावनाओं को जन्म दे रहा है। इन संभावनाओं का भागी बनने के लिये भारत को भी महत्त्वपूर्ण प्रयास करने होंगे। इसके लिये पिछले कुछ वर्षों में इसरो के बजट में भी वृद्धि की गई है। लेकिन इसरो की क्षमता मांग के अनुपात में अभी भी कम बनी हुई है। इस क्षमता में वृद्धि करने के लिये निजी क्षेत्र को भी भागीदार बनाना होगा। इसके लिये विधान और नीतियों द्वारा प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। भारत पहले ही अंतरिक्ष की उपयोगिता और महत्त्व को समझते हुए **डिफेंस स्पेस एजेंसी** तथा **अंतरिक्ष प्रतिरक्षा तथा अनुसंधान संगठन** के गठन की योजना पर कार्य कर रहा है। अतः इसरो को अपनी असैन्य पहचान को बल देना चाहिये साथ ही स्वयं को वाणिज्यिक क्षेत्र से भी जोड़ने की योजना बनानी चाहिये। सरकार को भी विधान और नीति के ज़रिये अंतरिक्ष क्षेत्र के विकास को प्रोत्साहित करना चाहिये। विश्व की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की अगले दशक तक 10 प्रतिशत तक भागीदारी बढ़ाने के प्रयास करना चाहिये। इसके लिये इसरो को निजी क्षेत्र तथा न्यू स्पेस उद्यमों को भी अपने साथ एक प्लेटफार्म पर लाकर प्रयास करना होगा।

**प्रश्न:** न्यू स्पेस से आप क्या समझते हैं? विश्व की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत को अपनी भागीदारी बढ़ाने के लिए कौन से प्रयास करने होंगे?

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/expanding-india-s-share-in-global-space-economy